हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान

अधिकतम 35.6 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

16 कातरो के नवनिर्वाचित सरपंच जितेंद्र के साथ 20 पंचों ने की शपथ ग्रहण




16 नगर पालिका जामुल में सफाई कार्यों का किया गया निरीक्षण






खाद्य व औषधि प्रशासन की जांच में खुलासा

## मेडिकल स्टोर्स में मिली अमानक दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

निजी अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोर्स में अमानक दवाएं मिली है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच में इसका खुलासा हुआ है। इस खुलासे के बाद इन दवा कंपनियों को निलंबित किया गया है। नेहरूनगर चौक स्थित एक हॉस्पिटल के मेडिकल स्टोर में म्यूकारिन (एसीटिल सिरटीन) का सैंपल लिया गया था। राज्य के औषधि परीक्षण लैब में यह दवा अवमानक पाई गई। इस दवा का निर्माण स्विस गार्नियर जेनक्सिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सिक्किम द्वारा किया जाता है। जांच के बाद सिक्किम के अनुज्ञापन प्राधिकारी जारी लाइसेंस को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार स्मृतिनगर स्थित एक हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर्स से हाइड्रोजन पराक्साइड अवमानक पाया गया। यह दवा गरिमा हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा तैयार की जा रही थी। इसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। साथ ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस मामले में दुर्ग कोर्ट में याचिका दायर की है।

### हॉस्पिटल अपनी फॉर्मेसी से दे रहे दवा, होगी जांच

हॉस्पिटल संचालक द्वारा लगातार अपनी फॉर्मेसी से दवाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। लगातार मिल रही शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे सारे अस्पतालों में जांच के निर्देश दिए गए हैं। मरीजों ने शिकायत की थी कि कई हॉस्पिटल में मरीजों को दवाओं के प्रिस्क्रिपशन न देकर अपनी फार्मेसी से ही दवाएं लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मरीजों के अधिकारों से खिलवाड़ किया है। मरीजों को डिस्काउन्ट प्राप्त न होने संबंधित शिकायत पर उचित जांच कर बलात दवाएं लेने दबाव बनाया जा रहा है। इसके बाद समस्त हॉस्पिटल/नर्सिंग होम/मेटरनीटि होम/क्लीनिक को निर्देशित किया गया है कि संस्था में आये मरीजों को दवाओं के अनिवार्य रूप से प्रिस्क्रिपशन प्रदान किया जाए। मरीजों को हॉस्पिटल से दवाईयां खरीदने हेतु दबाव नहीं डाला जाये। इस प्रकार की शिकायत पाये जाने पर संस्था की विरूद्ध छ.ग. राज्य उपचर्यागृह एवं रोगोपचार अधिनियम 2010 नियम 2013 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल पार करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2), 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एक्टिवा सीजी 07 एयू 6645, सीजी 7 एडब्लू 0931 की चोरी की शिकायत पुलिस में की गई थी। घटनास्थल का सीसी कैमरा चेक किया गया इस दौरान युवक फुटेज पुलिस को मिला। जिसे पुलिस ने मुखबिरों से शिनाख्त कराया गया। युवक का नाम मौहारी मरोदा नेवई निवासी कोमल कुमार ठाकुर उर्फ गोलू बताया गया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## हाइवा की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की शाम बोरिद पाटन निवासी 60 वर्षीय उषा बाई मिश्रा सड़क किनारे से पैदल अपने घर जा रही थी। अज्ञात हाईवा चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उषा बाई को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में उषा दूर जा गिरी और उसे गंभीर चोटे आई। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल उषा वाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी और शव को मरचूरी में भेजा गया है।

## पुलिस की फर्जी सील तैयार करने वाले पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पुलिस विभाग का फर्जी सील बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर महिला के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि मकान 1156 सडक नंबर 23 शांति नगर सुपेला निवासी रिद्धी जैन ने 3 फरवरी 2025 को जिला न्यायालय दुर्ग में गया नगर दुर्ग निवासी प्रकाशचंद जैन के द्वारा महिला के दिये चेक को, जमानत पत्र, इकरारनामा, वचनपत्र को कूटरचित कर दस्तावेज को न्यायालय मे पेश कर धोखाधडी किया। प्रकाशचंद जैन द्वारा फर्जी दस्तावेज, पुलिस विभाग का फर्जी शील का दुरूपयोग कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर न्यायालय रवि कश्यप प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग मे पेश कर धोखाधडी किया। प्रकाशचंद जैन व रिद्धी जैन को प्रकाशचंद द्वारा एक दस्तावेज जमानत पत्र, इकरारनामा, वचनपत्र को पेश किया गया है। प्रकाशचंद जैन के खिलाफ वर्ष 2017 में शिकायत की थी।

### आरटीआई के तहत मिली प्रकाश की कई जानकारी

पुलिस ने बताया कि जिसमे जमानत पत्र निरंक व वचन पत्र मे पांच प्रतिशत को कूटरचित कर निरंक कर दिया गया है। तब महिला ने एसपी कार्यालय में आरटीआई के अंतर्गत आवेदिका सुल्ताना बानो द्वारा दिए गए शिकायत संपूर्ण दस्तावेज, संपूर्ण जांच आवेदन प्रतिवेदन की सत्य प्रतिलिपि की मांग की गई थी। जिसमे आरटीआई में संपूर्ण दस्तावेज 22 पेज मिला। जिसमे जमानत पत्र भरा हुआ है और वचन पत्र मे पांच प्रतिशत भी भरा हुआ है। प्रकाशचंद जैन द्वारा फर्जी रूप से दस्तावेज कूटरचित कर पुलिस विभाग की शील बनाकर दुरपयोग किया। जो धारा 170,171,419,420,466,467,468,471,484 भादवि जो अब धारा 204,205,319,318,337,338,336,340,347 बीएनएस 2023 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी मे आता है।

# स्कूल प्रबंधन से लेकर उद्यमी को कर वसूली के लिए भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रिसाली नगर निगम की कार्रवाई

रिसाली निगम ने स्कूल प्रबंधन से लेकर उद्यमी और नागरिकों को नोटिस थमाया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दी है कि लंबे समय से कर जमा नहीं करने वालों का नाम काली सूची में शामिल कर उसे सार्वजनिक किया जाए। बकाया करदारों को राशि जमा करने एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। संपत्तीकर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि निगम क्षेत्र के स्थापित स्कूल प्रबंधन और व्यापारियों को राशि जमा करने अंतिम चेतावनी दी गई है। जारी नोटिस में एक निजी विद्यालय का नाम शामिल है। स्कूल प्रबंधन से कर के रूप में 3389888 रूपए लेनी है। इसी तरह बीआरपी चौक के बलराम त्रिपाठी से 252675, लक्ष्मण पटेल, भीखू, मुकेश, दिनेश व मेहूल से 226749, जानकी किराना स्टोर्स से 213465, नवीन सिंह मैत्रीनगर से 117560, न्यू प्रभा डेसेस के ओंकार नाथ कश्यप से 322160, द मार्क क्लब धनोरा रोड तान्या सिंह से 191510, द मार्क क्लब के प्रतीक कुशवाहा से 191510, शक्ति विहार के ओमप्रकाश से 174116, मेन रोड स्टेशन मरोदा के कृष्णा साव से 135987, वीना विद्या निकेतन स्कूल स्टेशन मरोदा से 131108, प्रियदर्शनी नगर की हटयारिन बाई 124192, कृष्णा टॉकिज रोड की सीता पाण्डे 110892, मैत्रीकुंज की सुशीला देवी मिश्रा से 107020, आशीष नगर के रजीत, कुंदन व सतीश जायसवाल से 105584, आशीष नगर के संजीव जैन 99712, गांधीनगर के सुरेन्द्र व रविन्द्र मीनू से 99389, कृष्णा टॉकिज रोड गंगा जैन से 93777, प्रगतिनगर के देवकी वर्मा 90637, प्रगतिनगर की अमसत बेगम से 87045, मैत्रीनगर के एसपी झा से 83581, पुरैना के प्रभाकर पाण्डे से 83459 ओर मैत्रीनगर के हेमचंद साहू से 80533 रूपए वसूली करना शेष है। आयुक्त वर्मा ने बताया कि 14 मार्च होली के दिन को छोड़कर शेष छुट्टी के दिन टैक्स जमा करने कार्यालय खुले रहेंगे।




8 March
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की
हार्दिक बधाई एवं ढेरो शुभकामनाएं...



INTERNATIONAL
WOMEN'S DAY
8th
MARCH
MJF Lion Meera Sharma
Lions District Chairperson-Lions 3233C
Retired Chief Manager-Indian bank.
President of Kubher Enclave Owner's
Resident Association, Bhilai


अन्तर्राष्ट्रीय
महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
VEDASHREE KALA SANGAM
Art Classes :-
• Bharatanatyam
• Bollywood
• Free style
• Semi-classical
• Guitar
Culinary Art
• COOKING
• BAKING
• ICE CREAM
Sangeet Choreography also
And many more. Vegetarian Dishes only
For more details: 7999803966, 9111004423


8 Th March
Women's Day
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति
उसका दामन है बड़ा
दिया उसने अपना प्यार सारा
कहलाई वो स्त्री, कहलाई वो एक नारी
बनकर एक आदर्श
उसने किया जग में उजियारा
डॉ. स्मिता सक्सेना
मनसा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
कुरूद रोड, कोहका, भिलाई


एक युद्ध अभद्र भाषा के विरूद्ध #Project_jagriti,
Happy Women's Day
स्वयंसिद्धा
जब गाली और अभद्र भाषा का होगा बहिष्कार, महिला दिवस की परिकल्पना तब होगी साकार
Dr.Sonali Chakraborty, Founder & President Swayamsiddha
A mission with a vision, 9826130569



विश्व
महिला दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
Happy Women's Day
8 MARCH
Women's Day
SUN VALLEY
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
KOHKA, MANGAL MARKET, PURANI BASTI, BHILAI


8 MARCH
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रिया रस्तोगी
प्रिंसीपल-प्रयास टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, भिलाई


सरस्वती बंजारे जी
को नव निर्वाचित
जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष
बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कोमल है तू कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है
जग को जीवन देने वाली, मौत भी तुझसे हारी है
नारी शक्ति को नमन
अंतरराष्ट्रीय
महिला दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत - समस्त कार्यकर्त्ता, जिला पंचायत दुर्ग


विश्व महिला दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राधा चतुर्वेदी
प्राचार्या
SHRADDHA MONTESSORI
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
Zone-2, Sec.-11, Khursipar, Bhilai, Durg (C.G.)


कर्मयोगिनी राजयोगिनी ब्रह्म स्वरूप जिनकी जीवनगाथा।
युगों युगों तक याद रहेगी, पुण्य श्लोका अहिल्यामाता।
29 वर्षो से लगातार जिले की महिलाओं
को आर्थिक रूप से सम्पन्न करने वाली
जिले की एक मात्र महिला बैंक।
हम आपकी भावनाओं को समझते है
अंतर्राष्ट्रिय
महिला दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
श्रीमती अश्विनी नागले
अध्यक्ष
प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
मुख्य शाखा-शॉप नं.-11 "ए" मार्केट सेक्टर-2, भिलाई-दुर्ग
फोन नं. : मुख्य शाखा भिलाई-2223842, 2226242, दुर्ग शाखा-4012413, 2333080


SPARSH
MULTISPECIALTY HOSPITAL
Celebrating
International
WOMENS DAY
A woman in any form must be celebrated and honored.
She deserves our respect for sure.
Ram Nagar, Supela, Bhilai
Deepak Advts


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
होली के अनेक रंग
बेहतरीन ऑफर्स के संग
DMart ready
होली स्पेशल
₹129* सिर्फ
पिडिलाइट होली के रंग
4x60 ग्राम प्रति पीस
मूल कीमत ₹ 175
₹69* से आगे
होली के रंग
300 ग्राम
₹169** से आगे
वॉटर टैंक पिचकारी
₹59** से आगे
वॉटर गन पिचकारी
₹160* सिर्फ
रुह अफ़ज़ा शरबत
750 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 180
₹215* सिर्फ
गुरुजी केसरिया ठंडाई
500 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 315
फूड, स्नॅक्स और अन्य सामग्री
₹160* सिर्फ
मालाज़ रोज़ सिरप
1 ली
मूल कीमत ₹ 230
₹70* सिर्फ
मिरिंडा ऑरेंज बोतल
2 ली
मूल कीमत ₹ 100
₹179* सिर्फ
ग्लूकॉन डी ऑरेंज रीफिल
450 ग्राम
मूल कीमत ₹ 219
₹139* सिर्फ
वंडरलैंड किशमिश
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 300
₹439* सिर्फ
वंडरलैंड काजू
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 770
₹399* सिर्फ
नटराज पिस्ता
400 ग्राम
मूल कीमत ₹ 699
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
एपिस क्लासिक खजूर
500 ग्राम
मूल कीमत ₹199*
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस् बिस्किट्स 400 ग्राम
मूल कीमत ₹ 150*
₹99* सिर्फ
मैगी मसाला नूडल्स
560 ग्राम
मूल कीमत ₹ 120
₹155* सिर्फ
राजम गार्लिक मिक्सचर
800 ग्राम
मूल कीमत ₹ 220
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
पावक नॅचरल गुड़ जार
500 ग्राम
मूल कीमत ₹110*
₹299* सिर्फ
दावत हेरिटेज बासमती चावल
5 किलो
मूल कीमत ₹ 600
₹92* सिर्फ
पिअर्स प्यूअर एन्ड जेन्टल बॉडी वॉश
250 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 140
₹599* सिर्फ
सर्फ एक्सेल इजी वॉश डिटर्जेंट पाउडर
5 किलो
मूल कीमत ₹ 770
पर्सनल केयर
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
बेला वीटा परफ्यूम गिफ्ट पॅक पुरुष/महिला/युनिसेक्स
4x20 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 649*
₹119* सिर्फ
डर्मी कूल लैवेंडर/मेंथोल रेग्युलर प्रिकली हीट पाउडर
150 ग्राम
मूल कीमत ₹ 149
₹122* सिर्फ
पैराशूट नारियल तेल
300 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 154
₹69* सिर्फ
सॅवलॉन सॉफ्ट प्रोटेक्ट हैंडवॉश पाउच
700 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 99
₹260* सिर्फ
लोटस् जेल क्रीम SPF25 PA+++
60 ग्राम
मूल कीमत ₹ 460
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
हिमालया प्युरिफाइंग नीम फेस वॉश
200 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 325*
₹105* सिर्फ
जो लाइम सोप
4x150 ग्रॅम प्रति
मूल कीमत ₹ 175
ग्रोसरी
₹45* सिर्फ
लूज़ चीनी
1 किलो
₹73* सिर्फ
लूज़ चना दाल
1 किलो
₹112* सिर्फ
लूज़ लातूर तूअरदाल
1 किलो
₹62* सिर्फ
लूज़ वाडा कोलम चावल
1 किलो
₹70* सिर्फ
लूज़ बिरयानी चावल
1 किलो
₹34* सिर्फ
लूज़ गेहूँ आटा
1 किलो
₹44* सिर्फ
लूज़ रवा
1 किलो
₹72* सिर्फ
लूज़ बेसन
1 किलो
₹39* सिर्फ
लूज़ मैदा
1 किलो
₹123* सिर्फ
लूज़ मूंगफली
1 किलो
₹55* सिर्फ
गुड़ प्रीमियम
900 ग्राम
मूल कीमत ₹ 90
₹389* सिर्फ
स्वाद बादाम
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 573
₹409* सिर्फ
स्वाद काजू
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 616
₹389* सिर्फ
स्वाद पिस्ता
400 ग्राम
मूल कीमत ₹ 530
₹129* सिर्फ
इंडियन किशमिश
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 211
₹239* सिर्फ
मिक्स ड्रायफ्रूट्स
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 379
₹39*/₹95* सिर्फ
इलायची ग्रीन ईको
10 ग्राम/25 ग्राम
मूल कीमत ₹ 61/₹ 146
होम और किचन
₹29** से आगे
मेलामाइन ट्रे
19 सेमी x 14 सेमी
₹59** से आगे
जूस मग
400 मि.ली.
₹59** सिर्फ
ओपलवेअर प्लेन प्लेट डायमीटर: 27 सेमी
मूल कीमत ₹ 100
₹99* से आगे
सिरॅमिक मग
6 पीस सेट
140 मि.ली. प्रति पीस
₹21** से आगे
प्लास्टिक वॉटर बॉटल
780 मि.ली.
₹99** से आगे
बकेट
16 ली
₹99* सिर्फ
डॉटेड ग्लास 6 पीस सेट
210 मि.ली. प्रति पीस
मूल कीमत ₹ 230
₹249* सिर्फ
प्लास्टिक कंटेनर्स 5,7,10 ली
3 पीस सेट
मूल कीमत ₹ 350
₹249** सिर्फ
वेलस्पन बाथ टावल
70 सेमी x 140 सेमी
मूल कीमत ₹ 285
₹29** से आगे
ग्लास जार
250 मि.ली.
₹179** सिर्फ
क्रिसलॉन नॉन स्टिक कढ़ाई 165 मि.मी.
मूल कीमत ₹ 220
₹1,549** सिर्फ
बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर 3 ली
मूल कीमत ₹ 3,646
गारमेंट्स
₹79# से आगे
बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी शर्ट
₹99# से आगे
मेन्स टी शर्ट
₹149# से आगे
मेन्स शॉर्ट्स
₹149# से आगे
वूमन्स टॉप
₹199# से आगे
वूमन्स कुर्ता
₹199# से आगे
मेन्स प्रिंटेड शर्ट
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
** सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देशों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/03/25

लाइव इवेंट

## देश में ब्लड की डिमांड हर दिन 40 मिलियन की इसलिए ज्यादा से ज्याद रक्तदान की अपील



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय तथा भारती चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें समस्त संकाय के विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। वर्तमान समय में भारत रक्त की कमी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। लैंसेट की रिपोर्ट में रक्त उत्पाद की आवश्यकता शोध किया गया है, जिसके अनुसार भारत में रक्त की मांग 40.9 मिलियन यूनिट्स की है। अर्थात 1 हजार जरूरतमंद लोगों (0.4 बिलियन) में से 85 रक्तदान के बराबर हैं। दुर्घटना, रक्तस्त्राव, प्रसवकाल और ऑपरेशन आदि अवसरों में अत्यधिक खून बह सकता है। उन लोगों को रक्त की नितांत आवश्यकता पड़ती है। थैलेसिमिया, ल्यूकिमिया, हीमोफिलिया जैसे अनेक रोगों से पीड़ति व्यक्तियों के शरीर को भी बार-बार रक्त की आवश्यकता रहती है। अन्यथा उनका जीवन खतरे में रहता है। जिसके कारण उनको रक्त चढ़ाना अनिवार्य हो जाता है। युवा विद्यार्थियों में रक्तदान के महत्व को समझाने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु रक्तदान कर, रक्त एकत्रित करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर में रक्त का एकत्रण जिला ब्लड बैंक, शासकीय जिला चिकित्सालय, दुर्ग की टीम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल के मार्गदर्शन में उनकी 14 सदस्यीय विशेषज्ञों के समूह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा मानव सेवा फाउंडेशन द्वारा किया गया। करीब 25 यूनिट ब्लड का कलेक्शन किया गया।

सिटी इवेंट

## 21 नवाचारी शिक्षक, 12 प्रिंसिपल्स और 5 संकुल समन्वयक विनोबा पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों के 21 शिक्षक, 12 प्रिंसिपल्स और 5 संकुल समन्वयक को माह जनवरी और फरवरी के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पोस्ट ऑफ द मंथ में 10 नवाचारी शिक्षक, बोलेगा बचपन में 11 शिक्षक, उत्कृष्ट प्रोग्राम में 6 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के संस्था प्रमुख और 6 प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुख और 5 संकुल समन्वयक का सम्मान किया गया।

विनोबा एप के माध्यम से हर महीने जिले के नवाचारी शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ और विभिन्न कौशल संवर्धन पहल में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीईओ अरविंद मिश्रा थे। उन्होंने इसी तरह कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नवाचारी गतिविधियों से आए बदलाव को ज्यादा से ज्यादा फोकस करने की बात कही। बोलेगा बचपन क्लब में बैगलेश डे के अवसर पर प्रत्येक शनिवार को की जाने वाली गतिविधियों को विनोबा ऐप में ज्यादा से ज्यादा शेयर करे तथा अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित हो। विनोबा एप एक प्लेटफॉर्म प्रदान करती है जिससे एक दूसरे से सीखने और सिखाने के बेहतर अवसर प्राप्त होते है। इस अवसर पर विनोबा नोडल डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तमन, एडीपीओ जे. मनोहरण, डीएमसी सुरेंद्र पांडे, असिस्टेंट डॉयरेक्टर अमित घोष, एपीसी विवेक शर्मा, ओपन लिंक्स फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर हेमंत साहू, प्रोजेक्ट ऑफिसर प्राची तुमसरे उपस्थित थे।

## लायंस क्लब के गवर्नर आज अधिकारी यात्रा पर भिलाई आएंगे



**भिलाई।** लायंस क्लब के डिसट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन 8 मार्च को अपनी अधिकारी यात्रा पर भिलाई पहुंच रहे हैं। लायंस क्लब की अध्यक्ष उर्मिला टावरी ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 9 बजे नेहरू नगर गुरुद्वारा में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सेवा कार्य की कड़ी में मेडिसिन बैंक में दवाई डोनेट की जाएगी। डायबिटीज स्क्रीनिंग सेंटर का अवलोकन कर, मिशन जिंदगी के तहत व्हीलचेयर और वाकिंग स्टिक प्रदान करेंगे । सचिव रश्मि गेडाम ने बताया की साथी प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन दी जाएगी। इसके साथ ही वृद्धाश्रम मे कूलर भी दिया जाएगा । चार्टर प्रेसिडेंट पीएम जेएफ विभा भूटानी ने बताया कि 11 बजे से सूर्य रेजिडेंसी में बीओडी मीटिंग के बाद दोपहर 12:15 बजे लायन चौक का उद्घाटन किया जाएगा। सामान्य सभा की बैठक होटल अमित पार्क में होगी। इसके बाद विज़न सेंटर, लायन आटा बैंक, लायन प्रौढ़-शिक्षा केंद्र का भी अवलोकन किया जाएगा। शाम 4:15 बजे लायन गार्डन का उद्धघाटन किया जाएगा।

भिलाई से मिला देश सेवा का जज्बा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी कर चुकीं हैं प्रशंसा

# मिलिट्री इंजी. सर्विसेज में असिस्टेंट डायरेक्टर साक्षी ने यूपीएससी, ईएसई में कामयाबी की भरी थी उड़ान

मिनी इंडिया के नाम से प्रसिद्ध भिलाई की होनहार बेटियां देश, विदेश में अपनी प्रतिभा की खुशबू बिखेर रही हैं। फौलादी संस्कृति और एजूकेशन हब से पल्लवित कुछ प्रतिभाएं पुरुषों के वर्चस्व को तोड़कर देश की रक्षा में अपना सर्वोत्कृष्ट दे रही हैं। प्रतिभाशाली साक्षी मुदलियार रक्षा मंत्रालय के अधीन नागपुर में पदस्थ एक ऐसी ही महिला टेक्नोक्रेड हैं, जिन्होंने यूपीएससी ईएससी परीक्षा -2022 में 17 वां रैंक हासिल कर भिलाई का नाम रौशन किया था। उनकी बड़ी बहन ऋचा सिंग भी आईआईटी कानपुर से पीएचईडी हैंअपने कैलिवर से कई प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल करने वालीं सैन्य अभियंता सेवाएं असिस्टेंट डायरेक्टर साक्षी का कहना है कि यह स्टील सिटी का प्रेरक माहौल ही, जिसने उन्हें कामयाबी दिलाकर सीधे देश की रक्षा करने का सुनहरा अवसर दिया। महिलाएं यदि इसी तरह लगन और इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करें तो फिर उन्हें देश व समाज के लिए महती योगदान से देने से कोई नहीं रोक सकता ।

विमलशंकर झा ▶▶भिलाई



उल्लेखनीय है कि पिता वीएसटी रमन बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर दस से बतौर व्याख्याता मैथ्स और मां आशा सेजेस स्कूल सेक्टर 7 में हिंदी की लेक्चरर थीं। डीपीएस रिसाली से 12 वीं पासआउट साक्षी बचपन से ही तालीम और अनुशासन में कुशाग्र थी। उन्होंने यूपीएससी ईएसई-2022 में ऑल इंडिया रैंक 17 प्राप्त कर नई मिसाल कायम की।वह सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की सभी चार शाखाओं में महिला उम्मीदवारों में रैंक 1 पर रहीं। एनआईटी रायपुर की पूर्व छात्रा साक्षी पहले छग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सीजीपीएचईडी) में सहायक अभियंता के रूप में कार्यरत थीं, जहां उनका चयन छग लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी एसईसी 2020) के माध्यम से हुआ था। इसके अलावा, उन्होंने वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) मैनेजमेंट ट्रेनी, सीजीपीसईएस और गेट में भी सफलता प्राप्त की थी। यूपीएससी ईएसई 2022 में कामयाबी प्राप्त करने के बाद उन्हें रक्षा मंत्रालय के अधीन मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज( एमईएस) में इंडियन डिफेंस सिर्विसेस आफ इंजीनियर्स ( आईडीएसई) कैडर आबंटित किया गया। उनके गौरवान्वित पिता श्री रमन व परिवार नागपुर में सेटल हो गए हैं।

### राष्ट्रपति ने की हौसलाआफजाई

यूपीएससी ईएसई-2022 में सफलता के बाद, उन्हें रक्षा मंत्रालय के अधीन मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (MES) में इंडियन डिफेंस सर्विसेज ऑफ इंजीनियर्स (आईडीएसई) कैडर आवंटित किया गया है। अपने फाउंडेशन ट्रेनिंग के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के भवन दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हुई भेंट में उन्होने साक्षी के सैन्य ट्रेनिंग अनुभव के भाषण की हौसलाआफजायी भी की है। प्रतिभावान साक्षी बताती हैं कि भिलाई के एजुकेशन हब और मिली इंडियाके प्रेरक माहौल के कारण ही उन्हें मिलेट्री इंजीनियरिंग सर्विस रक्षा मंत्रालय में देश की सेवा करने का मौका मिला है। बच्चे यह समझें कि लगन व मेहनत का कोई तोड़ नहीं है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में फौलादी महिलाओं की प्रेरणादायक यात्रा







**भिलाई।** सेल की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र की महिलाओं की सफलता की यात्रा हर किसी के लिए बेनजीर है। कई महिला कर्मचारियों की यात्रा, इस बात का प्रमाण है कि संगठन लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्ध है। यहां महिलाएं केवल भाग नहीं ले रही हैं, बल्कि वे चिकित्सा, इंजीनियरिंग, खनन, संचालन, योजना, परियोजनाएं, खेल, शिक्षा, वित्त और यहां तक यहां तक कि ब्लास्ट फर्नेस जैसे जोखिम भरे विभागों सहित विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। यूआरएम प्रबंधक ज्योति संगोलकर, जो 2014 से यूनिवर्सल रेल मिल की कमीशनिंग और स्टेबलाइजेशन का अभिन्न हिस्सा रही हैं। लगातार सुबह की शिफ्ट के दौरान उत्पादन में तकनीकी सुधार में योगदान देने के कारण उनकी टीम ने "एपेक्स पुरस्कार" जीता। वह दृढ़ता की भावना का प्रतीक हैं और अपनी साथी महिला सहकर्मियों को चुनौतियों को स्वीकार करने, अपनी क्षमता पर विश्वास करने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। शैक्षिक क्षेत्र में बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर दस की प्राचार्य सुमिता सरकार एक ऐसे माइलस्टोन की प्रिंसिपल हैं, जिसने कई नामचीन प्रतिभाओं को गढ़ा है। इनके अलावा शैक्षिक क्षेत्र में सुलोचना सलाम, बीएसपी की सीएसआर पहल के तहत नर्सिंग की छात्रा हैं, जो भिलाई के पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग कर रही हैं। सुप्रिया सरकार, नूतन निराला और जॉर्जिना टोप्पो जैसी नर्सिंग छात्राएँ विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में व्यावहारिक कौशल ज्ञान प्राप्त कर रही हैं। विभिन्न जागरूकता पहल और प्रतियोगिताओं के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में अपनी भावी भूमिकाओं के लिए अच्छी तरह से तैयार कर रहा है।

बीएसपी ने गायत्री साहू को लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) ड्राइविंग में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया। इस पहल ने न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाया बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वह अधिक स्वतंत्र महसूस करती हैं।

एक और उल्लेखनीय कहानी मेसर्स यूनाइटेड इंफ्राकोर लिमिटेड की ठेका कर्मचारी सुश्री मोनिका भारती की है, जिन्होंने बेस्ट सेफ्टी सुपरवाइजर का पुरस्कार जीता। ब्लास्ट फर्नेस के चुनौतीपूर्ण माहौल में काम करते हुए, उनका मानना है किजब उन्हें अपने सहकर्मियों का समर्थन और विश्वास मिलता है तो महिलाओं के लिए कोई भी काम असंभव नहीं है। उनकी यात्रा इस बात का शक्तिशाली उदाहरण है।

## महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ हर क्षेत्र में अग्रणीः रजनी बघेल



**भिलाई।** एमजे कॉलेज कोहका जुनवानी में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रजनी बघेल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में आज महिलाएं आत्मनिर्भर होती हुई अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, कला, साहित्य, खेल, समाज, तकनीकी, विज्ञान सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं। साथ ही ऐसे सफल कार्यक्रम आयोजन के लिये उन्होंने महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल चौबे, पद्मश्री एसआई महिला थाना, ऋचा सेन सामाजिक कार्यकर्त्ता, भावना पाण्डेय, दुर्गावती कुंजाम, कमला कुलदीप, शारदा वर्मा, उपासना साहू पूर्व पार्षद, चारुलता पाण्डेय सामाजिक कार्यकर्ता, भूमिका गुप्ता, श्रीलेखा, पुष्पलता देशमुख, लकी नायक, विकास साईपाल, ड्रोन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## नागरिक सुरक्षा में सराहनीय सेवा के लिए बी रमना को राष्ट्रपति पदक



**भिलाई।** आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सिविल डिफेंस सीनियर वालंटियर बी. रमना को राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया है। वर्तमान में उनकी तैनाती भारतीय रेलवे रायपुर मंडल के भिलाई मार्शलिंग यार्ड में है। ताड़ीवाड़ा श्रीकाकुलम आंध्र प्रदेश के मूल निवासी बी. कोरमैया के बड़े सूपुत्र बी. रमना नौकरी के साथ आपदा के समय निष्काम भाव से दूसरों की मदद करते रहे हैं। उन्होने कहा कि आपका आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदा मुझ पर बना रहे। रमना ने रायपुर मंडल के नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों कोटेश्वर राव, तेजनारायण तिवारी, रमेश तथा मिथुन मानिकपुरी का आभार व्यक्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागरिक सुरक्षा नियंत्रक, रायपुर मंडल के नागरिक सुरक्षा अधिकारी और नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों ने उन्हें बधाई दी है।

सेंट थॉमस कॉलेज में पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन तैयार करने दिया गया प्रशिक्षण

# एजुकेशन में मल्टीमीडिया को जानना समय की जरुरत डिजिटल कौशल के साथ तकनीकी ज्ञान भी आवश्यक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज के शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक कार्यों में मल्टी मीडिया के उपयोग पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन से जुड़ी जानकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में टीचर्स, स्टूडेंट्स और शैक्षणिक कार्य से जुड़े अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों की डिजिटल कौशल में वृद्धि करना और उन्हें प्रभावी प्रस्तुतिकरण तकनीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्रार्थना से हुई, जिसके बाद सम्मानित अतिथियों का स्वागत एक पौधा भेंट करके किया गया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. अनुपमा गंगराडे ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्रशासनिक प्रमुख रेव. फादर डॉ. पीएस वर्गीज ने विभाग की इस कौशल उन्मुख कार्यशाला के आयोजन के प्रयासों की सराहना की।



### शिक्षा में तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर हुआ मंथन

आयोजित कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी संस्धानों के उपयोग पर भी चर्चा हुई। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमजी रोईमोन ने शिक्षा में तकनीकी उपकरणों के महत्व को रेखांकित किया। शैक्षणिक विभाग की डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी ने प्रभावी शिक्षण और शिक्षण में मल्टीमीडिया के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति डॉ. संतोष कुमार मिरी ने पावरपॉइंट के विभिन्न पहलुओं पर सजीव और जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया। इसमें स्लाइड डिजाइन और प्रस्तुतियों को बेहतर बनाने के लिए मल्टीमीडिया तत्वों का उपयोग शामिल था।



### फीडबैक सत्र में एक्सपर्ट्स से पूछे सवाल

कार्यशाला का समापन कार्यशाला की संयोजक डॉ. अनुपमा गंगराडे के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने संसाधन व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। शाईनी ओसेफ ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. शिजा थॉमस एवं विभाग के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इसके बाद एक फीडबैक सत्र हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और इस संवादात्मक शिक्षण अनुभव की सराहना की। प्रतिभागियों ने एक्सपर्ट्स से सवाल भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने जवाब भी दिया। स्टूडेंट्स की जियाशा को शांत की।

## सिटी इवेंट

# होली त्योहार के व्यंजन तैयार करने दिया निःशुल्क प्रशिक्षण



**भिलाई।** मिसरानियों की रसोई ने गर्मियों में खाने-पीने और होली त्योहार के व्यंजनों को तैयार करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। संस्थान प्रमुख मृगया किरोलीकर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि होली के त्योहार के लिए सूखे स्नैक्स बनाना, पैकेजिंग करना और स्थानीय और भारत से बाहर भेजना सिखाया गया। महिलाओं के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में गर्मियों के 2 महीने ही बनने वाले आइटम आलू वेफर्स, आलू मुरकु, आलू पापड़, साबूदाना पापड़, बिजोरी, विभिन्न प्रकार की बड़ी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि इन उत्पादों को सालभर कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। ताकि वे हर समय ताजा, स्वच्छ और स्वादिष्ट रहें। लोग मोमोज खाएं पर मोदक ना भूल जाएं या बर्गर खाएं तो वड़ा पाव को भी याद रखें। इस उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किरोलीकर ने बताय कि वृद्ध समूह, कामकाजी लोग, छात्र आदि सभी को नियमबद्ध रूप से खाने की आवश्यकता होती है, जिसकी समय के साथ-साथ बाहर से मंगा के खाने पर निर्भता बढ़ती जाएगी। अब घर बैठे ऐसी खाद्य सामग्री तैयार की जा सकती है। मिसरानीस रसोई गृहिणियों को इसके लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। साथ में ऐसे प्रोडक्ट भी बाजार में उतारे हैं।

- मिसरानियों की रसोई ने महिलाओं के लिए आयोजित किया था यह कार्यक्रम



## लाइव इवेंट

# रिसाली में महिला दिवस पर महिला कार्यकर्ताओं का आज होगा सम्मान

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती में आज 8 मार्च को दोपहर 3 बजे से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान-समारोह एवं अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गायत्री साधना केन्द्र रिसाली भिलाई से जुड़कर शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में सामाजिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करते हुए अपनी पहचान बनाने वाली संस्थान के सक्रीय महिला कार्यकर्ताओं का संस्थान द्वारा अक्षत, तिलक, मंत्र चादर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा। महिला दिवस हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गायत्री परिवार एवं वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा का योगदान पर इस पर उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की जायेगी। इस बीच सबके मंगलमय जीवन एवं उज्वल भविष्य के लिए 24-24 बार गायत्री मंत्र का सस्वर उच्चारण करते हुए दीप यज्ञ किया जाएगा। सम्मान समरोह में महिला कार्यकर्ताओ के अलावा संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, धीरेन्द्र साहू, महेन्द्र वर्मा, गिरधारी लाल साहू, टीकम चंद्राकर, सुनील दास वैष्णव आदि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी गायत्री परिवार कार्यकर्त्ता मोहन उमरे द्वारा दी गई।

## धर्म लाइव

# ह्रषिकेश एजुकेशन सोसाइटी को बेस्ट एनजीओ का मिला अवार्ड



**भिलाई।** ह्रषिकेश एजुकेशन सोसाइटी को लायंस क्लब ने बेस्ट एनजीओ के अवार्ड से सम्मानित किया। संस्था को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में 1 लाख रुपए का पुरस्कार और अवार्ड से नवाजा गया। निदेशक गीता रानी बिस्वाल पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार न केवल संस्था के उत्कृष्ट कार्य को पहचानने के लिए दिया गया, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रदान किया गया। बिस्वाल ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे कठिन संघर्ष और महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए कार्यों को मान्यता देता है। हम आगे भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज में समानता लाने के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे। नकद पुरस्कार हमारे प्रयासों को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक होगा। संस्था ने पिछले कुछ वर्षों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रिटेल, सिलाई, कढ़ाई, सुरक्षा गार्ड, ब्यूटी एंड वेलनेस, टैली और डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सहायता प्रदान किया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था ने हजारों महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रशिक्षित किया है। यह पुरस्कार विशेष रूप से उन महिलाओं को समर्पित किया गया है, जिन्होंने संघर्ष के बावजूद अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीखा और अपने समुदायों में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

- लायंस क्लब से मिला 1 लाख का पुरस्कार, दिल्ली में आयोजित समारोह में मिला सम्मान

## इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ द्वारा सेक्टर-2 में आयोजित किया गया शिविर

# वर्तमान समाज में प्राकृतिक चिकित्सा और योग के बिना बीमारियों का इलाज संभव नहीं, हर व्यक्ति इसे अपनाए

**भिलाई।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आस्था बहुउद्देशी परिसर वृद्धा आश्रम सेक्टर 2 में एकदिवासी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन वृद्धावस्था में वृद्धजनों की देखभाल और जीवन शैली को लेकर किया गया। आर्गेनाइजेशन के कन्वीनर एवं आयोजन के संयोजक मनोज ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के सहयोग एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आईएनओ आनंद बिरादर के मार्गदर्शन में पूरे पूरे भारत में वृद्धावस्था में वृद्धजन की देखभाल कैसे की जानी चाहिए, इस विषय को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धावस्था में देखभाल प्राकृतिक चिकित्सा योग से नाम से यह आयोजन किया गया। पहले बुजुर्गों का पंजीयन किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑक्सीजन के अलावा उनके वजन की जांच की गई। डॉ. मोहन गायकी, आदित्य टंडन ने सेवाएं दी। कार्यक्रम का उद्घाटन गायत्री मंत्र और शंख ध्वनि के साथ हुई। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह, रजनी विजय बघेल, उद्यमी संरक्षक उमेश चितलांगिया, डॉ. सीएल सोनवानी, डॉ. उदयभान चौहान प्रमुख रूप से मौजूद थे।




### आध्यात्मिकता से जुड़ी पुस्तक का हुआ विमोचन

इस अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक आध्यात्मिकता से जुड़ी पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ. अंजिता चौहान ने बापूजी पटेल गुजरात द्वारा परम शक्ति की एक ( मल्टीवर्स में जीवन, हमारा अस्तित्व) पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके बाद एक्यूप्रेशर थेरेपी के विशेषज्ञ आलोक सिन्हा, नाड़ी वैद्य डॉ. गणेश पांडे, ममता साहू ने विभिन्न आयामों में विभिन्न चरणों में वृद्धावस्था में अपने जीवन शैली पर किस प्रकार के योगासन करनी चाहिए, इसके बारे में बताया। प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. निर्मल गुप्ता ने आंखों के नीचे कालापन, मोतियाबिंद जैसी अन्य परेशानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईबाल के माध्यम से आंखों को कैसे शीतल रखना है, इसके उपचार की जानकारी दी।

### काली और मुल्तानी मिट्टी का प्राकृतिक चिकित्सा में उपयोग बताया, कहा-कई बीमारियों में कारगर



डॉ. प्रमोद नामदेव ने ठंडी पट्टी, गर्म पट्टी, एनीमा के अलावा सूर्य स्नान, काली व मुल्तानी मिट्टी से चिकित्सा की जानकारी दी। आदित्य टंडन ने वृद्धावस्था में फिजाओ थेरेपी मसाज के माध्यम से शरीर को किस प्रकार से आराम मिलता है। उसके संबंध में सभी क्रिया करके बताई। इस अवसर पर प्राकृतिक पद्धति से तैयार किए गए फ्रूट फल के मिक्स एवं टमाटर, लौकी, गाजर, चुकंदर के सूपके फायदे बताए। इस अवसर पर अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। रजनी विजय बघेल ने कहा कि भाग दौड़ की जिंदगी में हमें अपने स्वास्थ्य को लेकर सजक रहना चाहिए।




### प्राकृतिक चिकित्सा विश्व की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धति में से एक

सर्व समाज महासभा के संरक्षक डॉ. उदयभान चौहान ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एवं योग चिकित्सा पद्धति विश्व की सबसे सबसे प्राचीन बीमारी पर कारगर इलाज की पढ़ती है। आयोजन के समापन पर आभार व्यक्त मनोज ठाकरे ने किया। आयोजन में किशोर कन्नोजे, प्रशांत क्षीरसागर प्रकाश गेडाम, मनोज मेश्राम श्रीमती शोभा मेश्राम का सहयोग रहा।

## समारोह...

# महिलाओं के सम्मान में पोस्टर स्पर्धा समावेशन व समानता पर हुई परिचर्चा



**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष का विषय एक्शन को तेज़ी से बढ़ाना था, जिसमें कार्यक्रम के हर पहलू में प्रमुखता से उजागर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी उपाध्यक्ष फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने इस दिन के महत्व पर बल दिया और लिंग समानता की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. जेके तिवारी ने भी इस अवसर पर महिलाओं के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना चौधरी ने महिलाओं की शक्ति, साहस और सहनशीलता की सराहना करते हुए प्रेरणादायक शब्द कहे। इसके अलावा, कॉलेज प्रशासन ने महिला कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उन्हें विशेष उपहार प्रदान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला सेल द्वारा किया गया था, जिसने पूरी योजना और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही साहित्यिक क्लब द्वारा महिला सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को कला के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और सहायक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा सीसीईटी जैसी संस्था समानता और समावेश की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# पेंशनर्स महासंघ का सम्मेलन कल, राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे शामिल

**दुर्ग।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला इकाई दुर्ग का सम्मेलन आगामी 9 मार्च रविवार को संभागीय शिक्षा कार्यालय दुर्ग में 11 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश चंद्रगिरी केरल मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव करेंगे। विशेष रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में दुर्ग की नव निर्वाचित महापौर अलका बाघमार तथा संगठन के जिला इकाई अध्यक्ष बीके वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में मप्र पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के विलोपन हेतु प्रयास की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही पेंशनरों की मुख्य समस्याओं पर चर्चा कर समाधान हेतु विचार किया जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आजीवन सदस्यों की संख्या पूरे देश में दुर्ग जिले में सर्वाधिक है इस हेतु भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जिले को सम्मानित करने वाले हैं। यह जानकारी जिला इकाई के सचिव पीआर साहू ने दी।

## अग्रवाल समाज का आयोजन

# गंगाजल युक्त स्वर्गरथ जनता को समर्पित, हर किसी के लिए उपलब्ध






**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में अग्रवाल समाज भिलाई-दुर्ग की तरफ से एक सुन्दर स्वर्ग रथ समाज को समर्पित किया गया। ऊंची छत और चमचमाते इंटीरियर से लैस यह स्वर्गरथ कई अन्य सुविधाओं से भी लैस है। इसमें गंगाजल के लिए एक टंकी लगी है, जो नल से जुड़ी है। साथ ही रामधुन के लिए साउंड सिस्टम और पंखे भी लगाए गए हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति विजय गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में स्वर्गरथ का लोकार्पण किया गया। आरंभ में भगवान श्रीराधा कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। विजय गुप्ता ने कहा कि काम योगी करता है नाम मोदी का होता है। यहां भी ऐसा ही है। इसकी पूरी परिकल्पना बंशी अग्रवाल ने की. चेसिस, बस बॉडी बनाने से लेकर इसके लिए धन संग्रह जैसा काम भी उन्होंने ही किया। स्वर्गरथ की इस परिकल्पना को पूरा करने के लिए अग्रवाल समाज भिलाई-दुर्ग, बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट तथा लायन्स क्लब भिलाई रॉयल ने मिलकर काम किया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल, महासचिव अनिल अग्रवाल, संरक्षक संजय रूंगटा, विजय अग्रवाल दुर्ग, गौरीशंकर अग्रवाल दुर्ग, कैलाश रुंगटा, बिनोद अग्रवाल, नेतराम अग्रवाल, रतन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, दिनेश सिंघल, राकेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, ललित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, देवेन्दर भाटिया, कैलाश अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित थे।

- रामधुन के लिए साउंड सिस्टम और पंखे भी लगाए गए

## आईआईटी भिलाई में युवा नेतृत्व पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

# आने वाला कल कैसा हो, 2047 तक आत्मनिर्भर परिकल्पनाओं और उन लक्ष्यों को पूरा करने मंथन



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में सशक्त परिवर्तन पर दो दिवसीय युवा नेतृत्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, यूनिसेफ और दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवा स्वयंसेवकों को सामुदायिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य, और प्रभावी सहभागिता के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और प्रेरणा प्रदान करना था। कार्यशाला के माध्यम से डिजिटल वित्तीय साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, सामुदायिक गतिशीलता और स्वास्थ्य देखभाल जागरूकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श का एक मंच प्रदान किया। इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने अनुभव और विचार साझा किए।



### वर्तमान समय में डिजिटल ज्ञान जरूरी, इसे समझना होगा

उद्यमी और वित्तीय विशेषज्ञ भोलानाथ सेठ ने डिजिटल वित्तीय साक्षरता पर एक महत्वपूर्ण सत्र लिया, जिसमें उन्होंने वित्तीय प्रणाली को प्रभावी ढंग से समझने और प्रबंधित करने की जानकारी दी। हेप्पीनेस फैसिलेटर और कोच अपर्णा माथुर ने मानसिक स्वास्थ्य पर एक प्रेरणादायक सत्र लिया, जिसमें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, माइंडफुलनेस और कार्यस्थल पर खुशहाली के महत्व पर प्रकाश डाला। आईआईटी कम्प्यूटर साइंस के सहायक प्राध्यापक डॉ. धिमन साहा ने सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं पर जानकारी दी, जिससे युवा साइबर सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी के प्रति जागरूक हो सकें।

### सामाजिक परिवर्तन पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

यूनिसेफ के एसबीसी सलाहकार अभिषेक त्रिपाठी ने सामुदायिक गतिशीलता की समझ पर एक गहन सत्र लिया और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ओमेश खुराना ने मातृ स्वास्थ्य और पोषण, बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण, तथा बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य देखभाल और पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया। इस कार्यशाला ने युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्रों में परिवर्तन के वाहक बन सकें।

### भविष्य के नेता तैयार करने और सामाजिक बदलाव पर हुई चर्चा

इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा दी गई गहन जानकारी दी। संवादात्मक सत्रों ने प्रतिभागियों को समग्र शिक्षा अनुभव प्रदान किया। आईआईटी भिलाई भविष्य के नेताओं को तैयार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार होना चाहिए। इस कार्यशाला की सफलता संस्थान की इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। कार्यक्रम में कई अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। स्टूडेंट्स, युवाओं और प्राध्यापकों को आने वाले कल की परिकल्पनाओं से अवगत कराया।

# भगवान का साक्षात्कार बिना भाव के संभव नहीं: प्रमोद कृष्ण दास

## श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस भाव की महिमा का किया वर्णन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग व बालोद जिला के मध्य मेन रोड पर खप्परवाड़ा से 3 किमी के दूरी पर स्थित श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस में वृंदावन से आए कथा प्रवक्ता प्रमोद कृष्ण दास महाराज ने भाव की महिमा का वर्णन किया। महाराज ने परीक्षित-शुकदेव संवाद, विदुर चरित्र, हिरण्याक्ष वध के साथ ही वामन भगवान के अवतार का भी वर्णन किया।

महाराज ने बताया कि भगवान का साक्षात्कार बिना भाव के संभव नहीं है। भगवान ज्ञानियों को बहुत प्रेम करते हैं। ज्ञानियों को भगवान ने अपनी आत्मा कहा है किंतु भक्तों के विषय में भगवान कहते हैं कि भक्त तो मेरा भी परमात्मा है। महाराज ने विदुर चरित्र सुनाते हुए धर्म की महिमा का वर्णन करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम धर्म की रक्षा करते हैं तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। किंतु हम धर्म की रक्षा नहीं कर पाए तो धर्म हमें नष्ट कर देता है। कौरवों और पांडवों में मुख्य फर्क यही था कि कौरव धर्म को त्याग चुके थे और पांडव पल-पल धर्म का पालन कर रहे थे। इसका परिणाम यह हुआ कि पांच पांडवों के सामने 100 कौरव टिक नहीं पाए। महाराज ने विदुर चरित्र सुनाते हुए भाव की महिमा और प्रधानता बताया। भाव के प्रभाव में आकर भगवान श्री कृष्ण विदुरानी के किले के छिलके भी बड़े प्रेम से खा गए थे। कथा की व्यवस्थापक एवं विश्व सनातन सेवा संघ के सचिव महाराज के छोटे भाई ओंकार शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य जन-जन तक सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना है ताकि हम सभी सनातन धर्म की ध्वजा का परचम फहरा सके और संपूर्ण विश्व को सनातन पद्धति का ज्ञान दे सके। भागवत प्रवचन के परीक्षित के रूप में शेर सिंह देशमुख और केजिया बाई देशमुख मंदिर के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बब्ला चंद्राकर, पुरूषोत्तम चन्द्राकर, शेर सिंह, भगवान सिंह चन्द्राकर, रोहित चंद्राकर, टिकेन्द्र साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चन्द्राकर, सरपंच जीवन लाल साहू, सरस्वती इन्द्रजीत चन्द्राकर, सत्यवती साहू, पूर्व सरपंच व बाजार ठेकेदार खेमन लाल चन्द्राकर, मनोज सेन, हीरा लाल सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### राजस्व करो व अन्य विषयों पर बैठक आयोजित

**भिलाई।** मेयर इन कॉन्सिल के सदस्य एवं राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व करो एवं अन्य विषयो पर एक बैठक की गई, जिसके अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के अन्य भवनों पर लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व करो की वसूली सुनिश्चित की जाए। बिना अनुमति भवनों के निर्माण की जाँच की जाए तथा निगम नियमानुसार ऐसे निर्माण के खिलाफ कार्यवाही की जाए, अनाधिकृत निर्माण पर सख्त कार्यवाही की जाए, राजस्व प्रकरण का समय पर निराकरण किया जाए, आगामी दिनों में स्वच्छता को लेकर होने वाले निरीक्षण को देखते हुए सभी सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर के शासकीय सम्पत्ति पर लगे होर्डिंग और सड़क पर रखे दुकान के स्टैंडिंग बोर्ड को तत्काल हटाया जाए। बैठक के दौरान अन्य राजस्व प्रकरण पर भी चर्चा की गई। बैठक में राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, शरद दुबे, बसंत देवांगन, बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम सहायक अधीक्षक बीएल असाटी, शिव शर्मा आदि उपस्थित थे।

### शिकसा महोत्सव कल



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव 2025 का आयोजन 9 मार्च को 10 बजे भारती विश्वविद्यालय पोटिया रोड पुलगांव दुर्ग में संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन में किया गया है। संयोजक शिवनारायण ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर, अति विशिष्ट अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अल्का बाघमार महापौर नगर निगम दुर्ग, विशिष्ट अतिथि श्रद्धा साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग व जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री उपस्थित रहेंगे। संयोजक देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से पंजीयन , 10 बजे शुभारंभ सरस्वती पूजन व वंदना, राजगीत, स्वागत गीत, शीर्षक गीत व गीत नृत्य, 11 बजे पदाधिकारियों का वक्तव्य, 11.30 बजे 'मै शिक्षक हूं' व 'वार्षिक कैलेन्डर' का विमोचन व अतिथि उदबोधन व सम्मान समारोह, 2 बजे पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह होगा। आस ने आगे बताया कि कार्यक्रम में सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी, राजगीत संध्या पाठक, स्वागत गीत उषा भट्ट करेंगे।

## निधन

### सुभाष चंद्र सोनी

**कुम्हारी।** वार्ड क्रमांक 15 हाउसिंग बोर्ड निवासी सुभाष चंद्र सोनी का



आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। वे स्थानीय साहित्यिक संस्था ऋतंभरा साहित्य समिति के सक्रिय सदस्य थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को दोपहर 12 बजे उनके निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## महिला दिवस पर विशेष : उत्कृष्ट महिला अधिकारियों का योगदान

# फौलादी महिलाओं की सेवा, समर्पण और संवेदना की अनुकरणीय मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र स्टील उद्योग में लैंगिक समानता और सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में मान्यता प्राप्त सेल-बीएसपी, विश्वास, सहयोग और कर्मचारी सशक्तिकरण पर आधारित कार्यस्थल बनाने की

■ 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सिरमौर में रच रही कीर्तिमान

इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है ।

ब्लास्ट फर्नेस जैसे खतरनाक विभागों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने से लेकर वित्त, इंजीनियरिंग, संचालन, योजना और अन्य विभागों में नेतृत्व की जिम्मेदारियां संभालने तक, सेल-बीएसपी की 237 अधिकारियों और 605 कार्मिकों सहित कई ठेका श्रमिक महिलाओं ने असाधारण क्षमता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।

### बीएसपी में महिला सशक्तिकरण का दे रहीं संदेश











### संकल्प की मिसाल हैं महिला अधिकारी

1984 में बैच की 29 वर्षीय निशा सोनी का कहना है कि प्रोफेशनल महत्वाकांक्षाओं और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखना महिलाओं को सपनों से समझौता किए बिना उसे साकार करने में मदद करता है। कार्य-जीवन संतुलन के लिए उनका अनुशासित दृष्टिकोण - कार्यालय में अपने काम के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करना और घर पर परिवार पर ध्यान केंद्रित करना उनकी सफलता की आधारशिला रहा है। 93 से बीएसपी से जुड़ीं जीएम सिम्मी गोस्वामी बताती हैं कि ब्लास्ट फर्नेस में अकेली महिला थीं। समावेशी वातावरण को याद करती हैं जिसने उन्हें कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद की। जीएम 1992 में बीएसपी से जुड़ीं जीएम बोन्या मुखर्जी का कहना है कि महिलाओं को मानसिक अवरोधों को दूर करना चाहिए, चुनौतियों को स्वीकार कर देश सेवा में योग देना चाहिए। महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी, जीएम नीना राठौर, विनीता द्विवेदी, शीजा मैथ्यू और आर रंजनी, शिखा दुबे, पुष्पा एम्ब्रोस, सारिका गहने भी नेतृत्व, सेवा व शक्ति की मिसाल हैं।

# गोद भराई कार्यक्रम से गर्भवती महिलाओं को मिलती है मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में ग्राम अंडा में पोषण चौपाल के तहत गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गोदभराई के हितग्राही गर्भवती मधुरानी निर्मलकर, सीएचओ दामिनी सिन्हा, मितानिन तीजन यादव, शिक्षका प्रेमिन चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू, कुशमा ठाकुर, अन्य हितग्राही देविका, रितु अन्य गर्भवती महिला राजेश्वरी, निर्मलकर उपस्थित हुई। गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती महिला को पौष्टिक सामग्री, चना, मूंग, मिक्सदाल, सोयाबड़ी, आलू, फूटा चना व गुड़ दिया गया। इस विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल गर्भवती महिलाओं के लिए उपयोगी है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता भी बढ़ाता है।

■ अंडा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में पोषण चौपाल के तहत गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित

गोद भराई का कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण और देखभाल प्रदान करने में मदद करता है, जिससे उनके स्वास्थ्य और उनके बच्चे के विकास में सुधार होता है। हितग्राहियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र की टीम को इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। आपके प्रयासों से गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

# नगर पालिका जामुल में सफाई कार्यों का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका जामुल में सफाई कार्यों का निरीक्षण सुबह ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान वार्ड क्र. 13 में बड़े नाले की स्थिति देखकर सफाई सुपरवाईजर को निर्देशित किया कि नालों की सफाई पूर्ण रूप से कराये आधे अधूरे न करें। साथ ही नाले से निकलने वाले कचड़ों को दूसरे दिन सुबह ही उठा ले और साथ में मैलाथियान एवं टेमोफास दवाई का छिड़काव करवाये ताकि किसी भी प्रकार का मच्छर आदि का प्रकोप न हो। बक्शी ने कहा कि सफाई कार्य की सतत निगरानी करें। सफाई संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें साथ ही स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया कि नालियों के पास से गुजरने वाले, पेयजल पाईप के ऊपर किसी प्रकार कचड़ा जमा न हो इसका भी ध्यान रखें। फाईल वर्क के साथ फील्ड वर्क पर भी नजर रखे। निरीक्षण के दौरान सफाई सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे सहित सफाई कर्मी उपस्थित थे।

■ सफाई सुपरवाइजर को नालों की सफाई पूर्ण रूप से कराने दिए निर्देश

# करों की वसूली के लिए लगाया जाएगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका क्षेत्र जामुल में करों की वसूली के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, भुभाटक, अनुज्ञप्ति शुल्क, युजर चार्ज, दुकान किराया सहित सभी प्रकार के करों का भुगतान किया जा सकता है। 11 मार्च को देवनगर हनुमान मंदिर, वार्ड 10 में 12 मार्च को दुर्गा मंदिर मंच, वार्ड 8 एवं 12 में 17 मार्च को मसुरिया तालाब सामुदायिक भवन, वार्ड 13 में 18 मार्च को सामुदायिक भवन, वार्ड 14 में 19 मार्च को गणेश मंदिर मंच, वार्ड 15 में 20 मार्च एवं 21 मार्च को सांई मंदिर मंच संघर्ष चौक, वार्ड 16 में 22 मार्च को जय स्तम्भ चौक मंच, वार्ड 17 में 23 मार्च को आजाद चौक मंच, वार्ड 18 में 24 मार्च एवं 25 मार्च को सांस्कृतिक मंच बाजार चौक एवं कांजी हाऊस मंच, वार्ड 19 एवं 20 सुरडुंग में कर वसूली हेतु शिविर लगेगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इसलिए समस्त करदाताओं को सूचित किया जाता है कि अपने मकानों, दुकानों के ऊपर समस्त करों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें। नगर पालिका कार्यालय में भी करों का भुगतान किया जा सकता है। वहीं कर जमा करने के निर्धारित तिथि 31 मार्च तक सभी प्रकार के करों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें।

# कातरो के नवनिर्वाचित सरपंच जितेंद्र के साथ 20 पंचों ने की शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

उतई नगर समीपस्थ ग्राम कातरो में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समाजसेवी डॉ. पीएल साव ने युवा आइकॉन, व्यवसायिक ट्रेनर एवं अपने क्षेत्र में सर्वाधिक मतों के अंतर से जीत हासिल करने वाले जीतेन्द्र सोनी को ग्राम के प्रथम नागरिक के रूप में शपथ दिलाई। साथ ही ग्राम कातरो व मातरोडीह के 20 पंचों को भी शपथ दिलाई गई जिसमें डिलेश्वरी देवांगन, रितेश्वरी देवांगन, राजेश्वर साहू, टिकेश्वरी गड़रिया, प्रकाश साहू, सरिता साहू, प्रमिला साहू, सरोज साहू, शशि साहू, साधना साहू, पुष्पलता साहू, रोहणी कौशिक, गोविंद पटेल, तुलसी देशलहरे, भुनेश्वरी साहू, रामजी निषाद, अनिल यादव, युगल किशोर साहू, दीपक साहू, गंगदेव साहू शामिल थे। ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच जीतेन्द्र सोनी ने सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड बहुमत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने ग्राम के सर्वांगीण विकास को सर्वोपरि रखते हुए आगामी पांच वर्ष में ग्राम को एक मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करना अपना प्रमुख लक्ष्य बताते हुए पहले चरण में प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ जल की आपूर्ति, ग्राम के शासकीय स्कूल को उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षा प्रदाय करने समुचित आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना व पूर्ण नशामुक्त युवा तैयार करना एवं ग्राम के प्रत्येक बच्चों को संस्कारित करने एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करने बाल संस्कारशाला का संचालन अनिवार्य करने की बात कही।

■ कातरो को मॉडल पंचायत बनाने मिलकर करेंगे काम : जितेंद्र

नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह में ललित दुबे, गयाराम सोनी, अशोक साहू, अंजोर सिंह साहू, रमेश सोनी, राजकपूर साहू, बसंत देवांगन, खेमलाल साहू, तीरथ साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# नवनिर्मित शिखर आयुर्वेद हास्पिटल का शुभारंभ



**भिलाई।** रामनगर इंदिरा स्कूल के सामने नवनिर्मित शिखर आयुर्वेद हास्पिटल का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बघमार, गुरुदेव रवि रंजन महाराज एवं पुरूषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि रवि खिचरिया, मिथला खिचरिया, के.मणी, एनआर वर्मा मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर हीशीकर एवं एसएस मीणा ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा श्री धनवन्तरी देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शरूवात किया गया।महापौर दुर्ग श्रीमति अल्का बघमार जी के करकमलों द्वारा विधिवत हास्पिटल का शुभारम्भ किया गया।उन्होंने अपने आर्शीवचन में आयुर्वेद के सिद्धांत और गुण पर चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी वेद आधारित चिकित्सा प्रणाली हैं जिसके जिसके इलाज से चमत्कारिक परिणाम प्राप्त होते हैं।डा.धर्मपाल सिंह ठाकुर एवं श्री मोनीष वर्मा द्वारा अतिथियों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सादर विदाई दी गयी। हास्पिटल के डायरेक्टर डाँ हिमशिखा वर्मा एवं डाँ दिनेश चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया एवं मंच संचालन श्री चंद्रशेखर परगनिहा द्वारा किया गया।

### पानी की समस्याओं के निराकरण के लिए की कलेक्टर से की मुलाकात



**भिलाई।** अभी पूरे दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की बड़ी समस्या चल रही है। भूजल स्तर नीचे चला गया है, तालाब कुंआ और नलकूप सूखते जा रहे हैं, पानी की समस्या के कारण कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर इस भीषण समस्या को त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए और गंगरेल बांध से तुरंत नहर खोलने की बात कही।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## मर्चेन्ट मिल में कार्मिक हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** वायर रॉड मिल विभाग में भी कार्मिकों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया। सहायक महाप्रबंधक गोपाल राजेश, पी हरि कृष्णा को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मर्चेंट मिल विभाग के इंजीनियरिंग एसोसिएट राजेश कुमार तिवारी, जूनियर इंजीनियर सीवी श्रीनिवास, इंजीनियरिंग एसोसिएट आर श्रीनिवास, वायर रॉड मिल विभाग के इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रमोद कुमार, चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन दिनेश कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट खेमनलाल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक मुनीश कुमार गोयल ने पुरस्कृत किया। महाप्रबंधक एसके हरिरमानी, पीएस कोरेटी, एसके नायक, अनुपमा कुमारी तथामोहिब्बुल हुसैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक समायला अंसारी द्वारा किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: सेक्टर 5 निवासी चेतना की अनुकरणीय पहल

# गरीब महिलाओं को मुफ्त में सेनेटरी पैड बांटकर कर रही हैं जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

भले ही आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तीकरण की बातें बहुत होती है, पर आधी आबादी महिलाओं के लिए सबसे जरूरत की चीज सेनेटरी पैड गरीब वर्ग को निः शुल्क उपलब्ध कराने शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में महज 21 वर्ष की उम्र में चेतना वाघमारे और उनकी साथी महिलाएं ने श्रमिक बस्तियों की गरीब महिलाओं को मुफ्त में सेनेटरी पैड बांटकर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक कर रही है। साथ ही इसके सुरक्षित उपयोग करने कर तरीका बताकर समझाती है कि इससे वे कई संक्रामक रोग से बच सकती है।

उनका कहना कि गरीब तबके की महिलाएं पीरियड के दिनों में आज भी पारंपरिक तरीके का इस्तेमाल करती है, जो उनके सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वे कहती है कि हर महिलाओं के लिए अच्छी क्वालिटी के सेनेटरी पैड का मुफ्त वितरण की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। मगर दुर्भाग्य की बात है विभिन्न प्रकार के मुफ्त की योजनाएं लाने वाली किसी भी सरकार ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**सेनेटरी पैड का मुफ्त वितरण की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए**





### मुफ्त में कपड़े भी है बांटती

चेतना बताती है कि वे जरूरतमंद गरीब बच्चों को मुफ्त में कपड़े भी बांटती है साथ ही उन्हें यह भी कहती है कि और भी कुछ मदद चाहिए तो उनसे संपर्क कर सकते हैं वे और भी क्षेत्रों में जाकर यह काम करना चाहती है उनका कहना कि भविष्य में किन्नरों को भी समाज के मुख्य धारा में जोड़ने काम करने की योजना है उनका कहना है कि किन्नरों को भी अलग अलग क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिले उन्हें पूरी शिक्षा देकर सरकार उन्हें रोजगार दे।

### सरकार इस तरह कर सकती है मदद

वे बताती है कि सरकार एक योजना चलाकर महिलाओं को सेनेटरी पैड मुफ्त उपलब्ध कराए। वे कहती हैं कि हर जिले में तीन-चार महिला समूहों को पैड बनाने का प्रशिक्षण देकर उनके द्वारा तैयार सेनेटरी पैड को सरकार खरीदे और मुफ्त वितरण की व्यवस्था करे। इससे महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। लोगों को भले ही यह मामूली लगे पर यह महिलाओं की सेहत से जुड़ा मामला है। मगर आज भी स्थिति अच्छी नहीं है। वे चाहती है कि सेनेटरी पैड हर महिलाओं को आसानी से उपलब्ध हो। जरूरतमंद महिलाएं कभी भी उसके घर आकर भी मुफ्त में सेनेटरी पैड ले जा सकती है।

### माँ से प्रेरित होकर की शुरुआत

उनका कहना कि उनकी माता शीला वाघमारे पिछले 10 सालों से गरीब तबके की महिलाओ को निःशुल्क सेनेटरी पैड साबुन एवं बच्चों को पोषण आहार से जुड़े चीजों का मुफ्त वितरण करती आ रही है इसी से प्रेरित होकर उन्होंने भी अपने पैकेट मनी की राशि बचाकर ऐसा करने का निश्चय की पहले माह में एक बार बांटती थी अब जब जरूरत हो महिलाएं रोज सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कभी भी आकर मुफ्त में सेनेटरी पैड ले जाती है आज 25 से 30 युवतियां उनसे नियमित मुफ्त में यह उनसे हासिल कर रही है इसके उपयोग को लेकर हिचकिचाहट कम हो इसके लिए वे युवतियों को जागरूक भी कर रही है नतीजन कोई भी समस्या आने पर उनसे मिलने आती है उनका कहना है कि खुद खुल कर बात नहीं करेंगी तो फिर महिलाओं को कैसे समझाएंगी।

# कंपनी के मार्केटिंग व रिकवरी मैनेजर नागपुर से गिरफ्तार

### भिलाई तीन पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- कंपनी की रकम तीन दोस्तो के साथ मिलकर किया था गबन

कंपनी के रकम को गबन करने वाले मार्केटिंग व रिकवरी मैनेजर को नागपुर से गिरफ्तार किया है। उसके दो साथी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धार 408, 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 12/आई धोगिक क्षेत्र हथखोज में स्थित श्री श्याम कैमिकल्स कंपनी के संचालक कमल कुमार ने शिकायत किया था कि कंपनी के मार्केटिंग व रिकवरी मैनेजर रविन्द्र सिंह के द्वारा सुर्दशन मेटालिक्स कंपनी सिलतरा कंपनी को डिहाईड्रेड कोलटार बेचने की रकम 6 लाख 57 हजार 914 रूपये और निजी लेने के रकम, आरसी एलुमिनियम कंपनी हथखोज से निजी लेन देन के रकम को प्राप्त कर कंपनी मालिक को नहीं दिया। उसके दोस्त गितेश गिल को मेटालक्सि कंपनी का फर्जी मालिक बनाकर, नवीन शर्मा को आरसी एलुमिनियम कंपनी का मालिक बनाकर बात कराकर रकम को गबन कर धोखाधड़ी किया है। पुलिस ने साइबर टीम की मदद से नागपुर से रविन्द्र सिंह को पकड़ा गया है उसके दो साथी गितेश गिल, नवीन शर्मा की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### गबन के रुपए को इलाज में खर्च किया

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि छावनी सीएसपी हरिश पाटिल और थाना प्रभारी महेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार थे, टीम द्वारा साइबर सेल की मदद लेकर आरोपियों की पतासाजी कर रविन्द्र सिंह को नागपुर से पकड़कर भिलाई तीन थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। गबन के रुपए से अपना कर्ज चुकाया और चाचा के उपचार, परिवार के खर्च करना स्वीकार किया।

# आरक्षण के प्रावधानों पर जागरूकता कार्यशाला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारियों और एससी/एसटी और ओबीसी कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के लिए भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र (बीएमडीसी) में आरक्षण प्रावधानों पर कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा विशेषज्ञ वक्ता पूर्व उप सचिव सीसी कृष्णमूर्ति उपस्थित थे।

श्री कृष्णमूर्ति ने डां. आंबेडकर के सांविधानिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा समय के साथ नियुक्तियों और पदोन्नतियों में आरक्षण की प्रणाली और संबंधित दस्तावेजों की भी व्याख्या की। रोस्टर के दौरान रजिस्टर में होने वाली सामान्य त्रुटियों को स्पष्ट किया। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्तियों, पूर्व सैनिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए लागू प्रावधानों की भी व्याख्या की । मुख्य महाप्रबंधक श्री माथुर ने कहा कि संविधान की मूल भावना का पालन करते हुए सभी प्रकार के आरक्षण का कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। महाप्रबंधक सूरज सोनी ने भी संबोधित किया व जे एन ठाकुर ने भी संबोधित किया।इसके अलावा बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ और ओबीसी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के लिए भी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# एलडीसीपी के कर्मचारी कर्म शिरोमणि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के एलडीसीपी विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाप्रबंधक प्रभारी रतन कुमार मुखर्जी के मुख्य आतिथि थे। एलडीसीपी विभाग के इंजीनियरिंग एसोसिएट सरोज कुमार, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट नवीन उइके, जूनियर इंजीनियर केजीएस राव, इंजीनियरिंग एसोसिएट व्यंकटसवरलु को माह सितम्बर अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर-2024 कर्म शिरोमणी सम्मान से सम्मानित किया गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह के रूप में प्रशस्ति पत्नी को प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें सुरक्षित कार्यप्रणाली पर ध्यान देते हुए ही उत्पादन को जारी रखना है। सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। आप लोगों ने अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कठिन कार्यो को अंजाम दिया है। सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर उत्पादन कार्य में संलग्न रहना है। महाप्रबंधक सुषांता पाल, डीकेवर्मा तथा संजय नायक महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी केडी बघेल ने किया। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी आर के ठाकुर तथा नरेन्द्र कुर्रे, श्री पूरन लाल साहु व कल्याणी साहू आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### संस्कृति रक्षा यात्रा निकाली गई

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में महिला उत्थान मंडल की दो इकाई भिलाई-दुर्ग और नंदनी अहिवारा के तत्वावधान में विश्व महिला दिवस के निमित्त संस्कृति रक्षा यात्रा हिंदी भवन दुर्ग से कलेक्टर परिसर तक निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य संस्कृति रक्षा कार्य करने वाले संत आशाराम बापू की शीघ्र रिहाई करने ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर को प्रधानमंत्री वा राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है किआज समाज को सच्चे संत की जरूरत है, जो संत अपने जीवन के 50 वर्ष समाज सेवा कार्य करने में लगा दिए, ऐसे संतों पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया। है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से निष्पक्ष जांच कर संत को रिहा करने की मांग की है। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दिए।

### योगशाला सहायक भर्ती परीक्षा 9 को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 9 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक प्रयोगशाला सहायक भर्ती केएएसएल 23 परीक्षा आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा हेतु जिले में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में प्रयोगशाला सहायक भर्ती केएएसएल 23 परीक्षा के लिए 39 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। समस्त परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्रों सें परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भाँति परिचित होने कहा गया है। परीक्षार्थियों को प्रवेश-पत्र एवं मूल पहचान पत्र आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट एवं महाविद्यालय द्वारा फोटो युक्त परिचय पत्र के साथ ही प्रवेश मान्य होगा। पहचान पत्र की छायाप्रति मान्य नहीं होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# कचरे में लगी आग पर्यावरण को कर रही प्रदूषित, जिम्मेदार बने अनजान

## जिला प्रशासन की अनदेखी से पर्यावरण से खिलवाड़, स्वास्थ्य पर भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्रीन जोन महमरा नदी रोड किनारे सैकडों ट्रक कचरे में लगी आग पिछले सप्ताहभर से सुलग रही हैं। लाखों टन कचरे को यहां चलाए जाने के कारण इसका धुंआ दूर तक फैल रहा है। जिससे पर्यावरण जहां प्रदुषित होने का खतरा हैं, वहीं आबादी क्षेत्रों तक खतरनाक धुंए पहुंचने से लोगों के स्वास्थ्य के लिए यह हानिकारक बना हुआ हैं।

महमरा नदी किनारे शहर से निकलने वाले कचरे को गुपचुप तरीके से जलाया जा रहा हैं। जबकि नदी किनारे का यह इलाका ग्रीन जोन में शामिल हैं। वहीं शिवनाथ नदी किनारे कचरे का अवशेष मिलने का खतरा बना हुआ हैं। नगरनिगम द्वारा इस कचरे को एक निजी जगह में डंप किया जा रहा है। हांलाकि निगम के अधिकारियों का कहना है कि, यह कचरा निगम का नही है। जबकि जमीन मालिक का कहना हैं कि, निगम ने ही यहां कचरे का ढेर डंप किया हे। बहरहाल प्लास्टिक सहित अन्य अवशेष को आग के हवाले किए जाने से जहरीले धुंए से आसपास के इलाको में खतरा बना हुआ हैं।



### नोटिस जारी करेंगे

कचरों को इस तरह से जलाना नियम विरूध्द है। इसके लिए नगरनिगम को नोटिस जारी किया जाएगा। प्रावधान के तहत कार्यवाही भी होगी। **-अनिता सावंत,** पर्यावरण अधिकारी दुर्ग

### असमाजिक तत्वों ने जलाया

नदी किनारे का कचरा निगम का नही है। इसे आसामाजिक तत्वों ने जलाया हैं। मामले में जानकारी ली जाएगी।
**-धर्मेन्द्र मिश्रा,** स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम दुर्ग

## चुनाव : गहमागहमी के बीच सभापति और अपील समिति के सदस्यों का चुनाव

# भाजपा के श्याम को मिले 49 और कुंडले को सिर्फ 12 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में सभापति के चुनाव में भाजपा के श्याम शर्मा ने 49 वोटों के साथ बाजी मारी और सभापति के कुर्सी पर कब्जा कर लिया। वहीं कांग्रेस के भास्कर कुंडले बारह वोट ही मिले। सभापति के लिए जीत की घोषणा के बाद नगरनिगम परिसर में समर्थको ने जमकर पटाखे फोडे और एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। इधर कांग्रेस को एक बार फिर मायूसी हाथ लगी हैं।

सामने आए परिणाम के अनुसार माना जा हैं कि, पूरे आठ निर्दलियों को भाजपा ने अपने खेमे में साधने कामयाब रही और इस तरह भाजपा की मजबूत रणनीति ने मेयर के साथ सभापति के कुर्सी हथिया ली। नगरनिगम में चुनावी कार्यक्रम के तहत 12 से साढे बारह बजे तक नामांकन दाखिल किया गया। जिसमें अचानक नए चेहरा श्याम शर्मा को सभापति के लिए उतारकर भाजपा ने लोगों को हैरानी में डाल दी। इधर कांग्रेस से भास्क्रर कुंडने ने नामांकन फार्म भरा, इस तरह सभापति के लिए दो उम्मीदवारों के बीच चुनाव हुआ। भाजपा के प्रत्याशी को मेयर के वोट के साथ 49 मत मिले, वही कांग्रेस के भास्कर कुंडले को सिर्फ बारह वोट ही मिले। इधर चुनाव की घोषणा के बाद नगरनिगम परिसर में जमकर पटाखे फोडे गए। श्याम शर्मा के सभापति निर्वाचित होने के बाद रैली की शक्ल में भाजपा नेता जिला कार्यालय पहुंचे। जहां एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। नगरनिगम परिसर में चुनाव के दौरान कांग्रेस से पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, राजेन्द्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे। जीत के बाद प्रमाण पत्र लेने नवनिर्वाचित श्याम शर्मा के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, कांतिलाल बोथरा, देवेंद्र सिंह चंदेल, प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे।

### नगर निगम में सभापति के लिए शुक्रवार को कराए गए चुनाव




### बस में पार्षदों को लेकर पहुंचे विधायक

भाजपा के सभी चालीस पार्षदों को वोटिंग के दस मिनट पहले नगरनिगम में लाया गया। विधायक गजेन्द्र यादव की निगरानी में एक बस से सभी को नगरनिगम लाया गया था। भाजपा को भले ही निर्धारित मत से अधिक वोट मिले है। इसके बाद भी भाजपा संगठन की प्लानिंग तगडी दिखा और वे रिस्क लेते नजर नही आए।

### अपील समिति में कांग्रेस के दीपक शामिल

कलेक्टर व पीठासीन अधिकारी अभिजीत सिंह के अगुवाई में सभापति के चुनाव के बाद अपील समिति की प्रक्रिया की गई। इस दौरान चार पदों के लिए कांग्रेस से दीपक साहू व भाजपा से संजय अग्रवाल, गुलशन गायत्री साहू, ललित ठाकुर सहित चार ही नाम सामने आए। इसलिए चारों सदस्यों को निर्विरोध जीत की घोषणा की गई। चार समिति में एक सदस्य कांग्रेस के पार्षद व पूर्व एमआईसी सदस्य रहे दीपक साहू को शामिल किया गया।

### अब तक नगरनिगम के सभापति

जानकारी अनुसार वर्ष 1994-99 में पहले पंचवर्षीच चुनाव में पहले सभापति उमा ठाकुर थे। वही वर्ष 2000-2005 में ढोमार सिंह वर्मा, वर्ष 2005-2010 में दिनेश देवांगन, जो निर्विरोध जीते थे। वही वर्ष 2010-2015 देवनारायण तांडी व वर्ष 2015-2020 तक राजकुमार नारायणी और वर्ष 2020-2025 तक राजेश यादव रहे। वर्तमान में भाजपा से श्याम शर्मा सातवे सभापति होगें।

# काम कराए नहीं और ठेकेदार को दस लाख का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत झोला में बगैर काम कराए ठेकेदार को दस लाख 80 हजार रूपए का भुगतान कर बडा घोटाला किया गया हैं। इस मामले

■ पुलिस थाने में पूर्व सरपंच ने दर्ज कराई शिकायत

की शिकायत सरपंच ने कलेक्टर से की है, वहीं थाने में भी शिकायत दर्ज कराई हैं। शिकायत के बाद अब तक जनपद अधिकारी द्वारा रिकवरी के लिए कोई कार्यवाही नही की गई हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी हैं। राज्य शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने राशि जारी की जाती है। लेकिन झोला गांव में सरपंच और सचिव के खाते से लाखों रूपए का वारा न्यारा कर लिया गया है। जबकि जमीनी स्तर पर ठेकेदार ने कोई कार्यवाही नही की है। राशि जारी होने के बाद मटेरियल भी नही दिया है। सरपंच के शिकायत के बाद प्रशासनिक विभाग मे भी खलबली मच गई हैं। जानकारी अनुसार जनपद से दस लाख अस्सी हजार रूपए फंड जारी किया गया था। इस फंड से सरपंच और सचिव अपने हस्ताक्षर से राशि आहरण कर सकते है। लेकिन इस मामले में सरपंच का कहना है कि, उनके जानकारी के बगैर सचिव ने ठेकेदार को लाखो रूपए भुगतान कर दिया। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद अब सरपंच और सचिव से रिकवरी सहित कार्यवाही की तैयारी हैं।

### थाने में सरपंच का लिया गया बयान

सरपंच धिरपाल देशलहरे का कहना है कि, उन्होने इसकी शिकायत कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ से विगत 11 जनवरी को की है। लेकिन अब तक प्रशासन स्तर से कोई कार्यवाही नही की गई हैं। पुलिस के अनुसार सरपंच का बयान दर्ज कर लिया गया है। लेकिन सचिव का बयान दर्ज नहीं हो पाया है। सरपंच धिरपाल का कहना है कि, चुनाव के बाद ही सचिव द्वारा तरह की गडबडी की गई हैं। इस मामले में सचिव से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

### चेक से किया गया राशि का भुगतान

पूर्व सरपंच धिरपाल देशलहरे ने बताया कि, 11 जनवरी 2025 को अंडा थाने में ठेकेदार अमित राठी की शिकायत की थी। पुलिस से की गई शिकायत में बताया गया कि, ग्राम पंचायत झोला वि.ख. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) शासन द्वारा सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं। विभिन्न निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए मटेरियल सप्लाई हेतु अग्रिम राशि 10 लाख 80 हजार रुपए ठेकेदार अमित राठी, निवासी रिसाली (भिलाई) एवं मूल निवासी-अम्बिकापुर को चेक के माध्यम से किया गया है। रुपए लेने के बाद ठेकेदार ने फोन उठाना बंद कर दिया और मटेरियल (निर्माण सामग्री) सप्लाई भी नहीं किया।

### होगी वसूली

ग्राम पंचायत झोला में विकास कार्य के लिए राशि दिए गए थे। जनपद से राशि जारी होती है। इसे सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर से आहरण होता हैं। गडबडी की रिकवरी दोनो से होगी। धारा 92 के तहत एसडीएम को रिपोर्ट प्रेषित किया जाएगा। - **रूपेश कुमार पांडेय,** सीईओ, जनपद दुर्ग

### शिकायत की गई

ग्राम पंचायत में मेरी जानकारी बगैर सचिव द्वारा ठेकेदार को राशि जारी किया गया। जबकि न निर्माण हुआ और न मटेरियल दिया गया। मैने कलेक्टर, एसपी, जिला व जनपद पंचायत सीईओ व अंडा थाने में लिखित शिकायत की हैं। **-धिरपाल देशलहरे,** पूर्व सरपंच

# महाबोधि महाविहार मुक्ति की मांग, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भिलाई-दुर्ग, चरोदा और कुम्हारी की समस्त बुद्ध विहार समितियों एवं समस्त धार्मिक सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने बोधगया बिहार में महाबोधि महाविहार मुक्ति के लिए चल रहे आंदोलन के समर्थन में गुरूवार को एक दिन का धरना प्रदर्शन पुराना बस स्टैंड दुर्ग में किया। रैली के माध्यम से कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, बिहार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। धरने पर विभिन्न बौद्ध समाज से आए हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि महाबोधि महाविहार के लिए बनाया गया बीटी एक्ट 1949 को पूर्णतया समाप्त किया जाय और गैर बौद्धों सवर्णों के अधिकार से मुक्त किया जाय। सम्पूर्ण अधिकार बौद्धों को सौंपा जाय। जब तक मांगें नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन चलता रहेगा। धरने की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ डॉ अरविन्द चौधरी ने, व आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव समता सुरक्षा सेना अनिल जोग ने किया। संचालन महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर सविता बौद्ध, जयश्री बौद्ध, सुनिल रामटेके, संजय शेन्द्रे, सविता मेश्राम, अनिल साखरे, रविन्द्र गाडगे, कमलराज मेश्राम, प्रदीप सोमकुवर, ठानेन्द कामडे, कृष्णा बंसोडकर, अशोक शामकुवर, प्रियदर्शी बर्ड, यशवंत रामटेके, केशर बौद्ध, नितू डोंगरे, ज्योत्सना मेश्राम, शालू दामले, संघमित्रा सोमकुवर, विजय बोरकरए अजीत वैद्य, विजया बौद्ध सहित बड़ी में लोग उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी।

■ पुराना बस स्टैंड पर किया गया धरना-प्रदर्शन



### विकास कार्यों के लिए 4.49 लाख स्वीकृत

दुर्ग। विकास कार्यों के लिए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा हेतु 01 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर हेतु 3 लाख 49 हजार 707 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लिए विधायक ललित चन्द्राकर द्वारा अनुशंसित कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम रिसाली द्वारा तथा विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर के लिए विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा।जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम डुण्डेरा के सतनाम पारा में जैतखाम चौक के पास सार्वजनिक भवन में स्टील रेलींग सीढ़ी निर्माण के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अवैध निर्माण, अतिक्रमण पर नगर पालिका का चला बुलडोज़र

दुर्ग। नगर पालिका अहिवारा द्वारा अतिक्रमण हटाने बड़ी कार्यवाही की गई।



शासकीय जमीन में अतिक्रमण कर बनाये गये मकान व दुकानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। ज्ञात हो कि नगर पालिका अहिवारा द्वारा नोटिस उपरान्त असंतोषजनक जवाब एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर व नगर पालिका की भूमि मे कब्जा करने पर वार्ड क्र 7 मेन रोड के समीप रहने वाले दावनेन्द्र सेन पिता घनश्याम सेन वार्ड क्र 8 निवासी ओमप्रकाश पटेल बिसेलाल राउत पिता समारू एवं वार्ड 6 के अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध अवैध निर्माण कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही समझाईश दी गई की अवैध निर्माण से नगर पालिका को राजस्व की हानि होती है, इसलिए बिना अनुमति के अवैध निर्माण अवैध कब्जा न करें।







## गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से हैं सम्मानित -डॉ. मानसी

# प्रसव बाद परिजनों को बांटे हजारों पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अपने प्रोफेनशनल कार्य के साथ शहर की प्रतिष्ठित पेशे से गायनकोलाजिस्ट डाक्टर मानसी गुलाटी प्रसव कराने के बाद परिजनों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने पौधे भी गिफ्ट करती है। पर्यावरण के प्रति अपनी यह जिम्मेदारी वे पिछले कई सालों से निर्वहन कर अब तक साठ हजार से अधिक पौधे भेंट कर चुकी है। यही नहीं स्कूलों में भी वे सीधे पहुंचकर बच्चों को पर्यावरण के लिए प्रेरित कर रही है। स्कूलो वे अब तक दस हजार से अधिक पौधे बांट चुकी हैं।

■ महिला दिवस विशेष

पर्यावरण के प्रति उनके इस जुडाव को देखते हुए उनका नाम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हैं। सन 2003 से लेकर अब तक पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए गए अभियान ₹वन बेबी वन ट्री₹ का उद्देश्य साकार करते हुए निजी नर्सिंग होम चलाने वाली डॉ. मानसी गुलाटी को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. मानसी गुलाटी रमेश चंद्र फाउंडेशन नाम से एक संस्था पिछले कई साल से चला रही हैं। इस संस्था को शुरू करने के बाद से पिछले कई साल में डॉ. मानसी ने जितने भी प्रसव कराए है। उनमें हर नवजात के माता पिता को एक पौधा भेंट किया। डॉ. मानसी गुलाटी अब तक 60 हजार से अधिक बच्चों के माता पिता को पौधा भेंट कर चुकी है। इसके अलावा स्कूलों में जाकर बच्चो को करीब 10 हज़ार से ज्यादा पौधे दे चुकी है।



### हमारा एक नया संकल्प- डॉ गुलाटी

डां गुलाटी कहती है कि, हर नवजात शिशु के जन्म पर एक पौधा लगाकर ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया के लक्ष्य को साकार करना हैं। यदि हम सभी इस पहल से जुड़ें और एक पौधा अपने बच्चे के साथ बड़ा करें, तो हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर, सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण छोड़ सकते हैं। आरोग्य बगीचा प्रोजेक्ट्स के अनुसार विभिन्न स्कूलों में वृक्षारोपण कर बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाता है।

### अपने स्तर पर एक लाख पौधे रोपित

श्रीमति डां गुलाटी ने 1 लाख से ज्यादा वृक्षारोपण कर एक हरित भारत के निर्माण में योगदान दिया है। इसके साथ ही डॉ. गुलाटी ने स्वदेशी, मातृ शिशु सुरक्षा, आरोग्य, शक्ति, सेक्स एजुकेशन एवं एडोलसेंट प्रोग्राम, स्पिरिचुअल एक्टिविटी जैसे कई प्रमुख प्रोजेक्ट्स कर समाज के जागरूक कर रही हैं। श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन हेल्पिंग हैंड्स, हीलिंग लाइव्स, समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ संचालित करता है।

